भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

31 अगस्त 2018

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति</u>

वित्तीय वर्ष के पहले तिमाही के लिए आज जारी जीडीपी के आंकड़ों में 8.2% की आशातीत वृद्धि देश की प्रगति और खुशहाली के संकेत हैं। तेजी से बढ़ती जीडीपी और देश के विकास में अविरत वृद्धि मोदी सरकार के ठोस आर्थिक प्रबंधन का परिचायक है। भारतीय अर्थव्यवस्था विनिर्माण से लेकर कृषि तक हर क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है

****

भारत की तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था का अर्थ यह है कि देश की आम जनता के लिए हर क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं सृजित हुई हैं, उनके पास अब अपने सपनों को साकार करने के लिए और अधिक साधन और अवसर होंगे

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत अब पहले से कहीं ज्यादा सशक्त है और समृद्धि के पथ पर अग्रसर है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए मैं प्रधानमंत्री जी एवं वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ

****

चुनौतियों को अवसर में बदलने के मोदी मॉडल के सहज परिणाम अब देश की जनता के सामने है। देश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्व को आगे ले जाने के लिए तैयार है

****

पहले वर्ल्ड बैंक की ईज ऑफ डुइंग बिजनेस की रेटिंग, फिर मूडीज द्वारा भारत की रेटिंग में सकारात्मक बदलाव, वर्ल्ड बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ-साथ विश्व की तमाम आर्थिक रेटिंग एजेंसियों द्वारा

भारत के बेहतर भविष्य के संकेत और आज जारी आर्थिक विकास के आंकड़े इस बात के द्योतक हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की नई आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है

****

ग्रॉस वेल्यू एडेड (GVA) में लगभग 8% की ग्रोथ हमें समग्र क्षेत्रों में आगे बढ़ते हुए भारत का बोध कराती है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार और 'मेक इन इंडिया' की सफलता, प्रभाव और परिणाम हमें इस ग्रोथ में दिखाई दे रहे हैं, इससे स्पष्ट है कि देश नई आर्थिक नीतियों के साथ मजबूती से खड़ा है और नए भारत के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उसकी प्रतिबद्धता अडिग है

****

मजबूत और स्थिर आर्थिक प्रबंधन देश के गरीब और मध्यम वर्ग के जीवन में सामाजिक सुरक्षा और उनके जीवन-स्तर में बदलाव के संकेत देता है जो कि आज के जारी आंकड़ों से प्रतीत होता है

****

आज के सुखद आंकड़े बताते हैं कि देश आर्थिक सुधारों के संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से आगे निकल चुका है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) द्वारा जीडीपी के आंकड़ों में **8.2%** की आशातीत वृद्धि को देश के लिए प्रगति और खुशहाली का संकेत बताया।

श्री शाह ने ट्वीट करते हुए कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा कुशल और ठोस आर्थिक प्रबंधन का ही परिणाम है कि देश विभिन्न क्षेत्रों में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।** उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ती जीडीपी और देश के विकास में अविरत वृद्धि मोदी सरकार के ठोस आर्थिक प्रबंधन का परिचायक है। भारतीय अर्थव्यवस्था विनिर्माण से लेकर कृषि तक हर क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है उन्होंने कहा कि **आज के सुखद आंकड़े बताते हैं कि देश आर्थिक सुधारों के संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से आगे निकल चुका है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **भारत की तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था का अर्थ यह है कि देश की आम जनता के लिए हर क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं सृजित हुई हैं, उनके पास अब अपने सपनों को साकार करने के**

लिए और अधिक साधन और अवसर होंगे। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत अब पहले से कहीं ज्यादा सशक्त है और समृद्धि के पथ पर अग्रसर है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए मैं प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।**

श्री शाह ने कहा कि इससे पिछले वित्तीय वर्ष की तीसरी और चौथी में विकास दर के आंकड़े लगातार बढ़े थे। उन्होंने कहा कि **देश के विकास में अविरत वृद्धि मोदी सरकार के निरंतर ठोस आर्थिक प्रबंधन का परिचायक है।** उन्होंने कहा कि **देश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्व को आगे ले जाने के लिए तैयार है।** पिछली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 7.7 प्रतिशत थी। निर्माण और आपूर्ति के लिहाज से आर्थिक गतिविधियों की तस्वीर भी भारत के बढ़ते कदम को रेखांकित करते हैं क्योंकि वर्तमान वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ग्रॉस वेल्यू एडेड (GVA) की ग्रोथ रेट भी 8 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि यहाँ ये बात उल्लेखनीय है कि अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट अर्थशास्त्रियों और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक रेटिंग एजेंसियों की उम्मीद से भी काफी बेहतर रही।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **चुनौतियों को अवसर में बदलने के मोदी मॉडल के सहज परिणाम अब जनता के सामने है।** उन्होंने कहा कि देश आर्थिक क्षेत्र में हर स्तर पर आगे बढ़ते हुए भारत का बोध कराती है। उन्होंने कहा कि **'मेक इन इंडिया', ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस' और 'जीएसटी' की सफलता, प्रभाव और परिणाम हमें इस ग्रोथ में दिखाई दे रहे हैं, इससे स्पष्ट है कि देश निर्माण, रोजगार और कुशल वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में ठोस क़दमों से आगे बढ़ रहा है।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार हर गरीब की बेहतरी के लिए कटिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।**

श्री शाह ने कहा कि **मजबूत और स्थिर आर्थिक प्रबंधन देश के गरीब और मध्यम वर्ग के जीवन में सामाजिक सुरक्षा और उनके जीवन-स्तर में बदलाव के संकेत देता है जो कि लगातार आंकड़ों से स्पष्ट हो रहे हैं।** उन्होंने कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग, इलेक्ट्रिसिटी, गैस, वॉटर सप्लाइ व अन्य यूटिलिटी सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन, डिफेंस और अन्य सेवाओं ने 7 प्रतिशत से ज्यादा की ग्रोथ दर्ज की है और ये दर्शाते हैं कि देश नई आर्थिक नीतियों के साथ मजबूती से खड़ा है और नए भारत के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उसकी प्रतिबद्धता अडिग है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **पहले वर्ल्ड बैंक की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रेटिंग में भारत ने 30 स्थान की छलांग लगाई, मूडीज ने 13 साल में पहली बार भारत की रेटिंग्स में सकारात्मक बदलाव किया, फिर वर्ल्ड बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ-साथ विश्व की तमाम आर्थिक रेटिंग एजेंसियों द्वारा भारत के बेहतर भविष्य के संकेत और आज जारी आर्थिक विकास के आंकड़े इस बात के द्योतक हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की नई आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार के प्रयासों से देश के हर नागरिक के लिए बेहतर संभावनाएं सुनिश्चित हो रही हैं।** उन्होंने कहा कि **पिछले साढ़े तीन वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने न्यू इंडिया की नींव रखने का काम किया है ताकि हम अपने देश को एक बार फिर से विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित कर सकें।**

Twitter Link:

- https://twitter.com/AmitShah/status/1035518047883350017
- https://twitter.com/AmitShah/status/1035518578206814214
- https://twitter.com/AmitShah/status/1035525902183149568

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव